Regarding increasing number of stray dog bite incidents and need to frame a Committee to address the issue

श्री अतुल गर्ग **:** आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं आपका और पूरे सदन का ध्यान एक बहुत मार्मिक विषय पर उठाना चाहता हूं । एक प्रश्न के उत्तर में बताया गया है कि साढ़े 30 लाख लोगों को भारत के अंदर कुत्तों ने काटा है और उसमें 286 लोगों की मृत्यु हुई है । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैंने किसी का नाम नहीं लिया है, कोई अपने आप न समझे ।

? (व्यवधान)

श्री अतुल गर्ग **:** आदरणीय अध्यक्ष जी, अगर यह आंकड़ा ठीक है, तो अकेले मेरे गाजियाबाद के अंदर एक साल में 35 हजार लोग कुत्तों के काटने का शिकार हुए हैं । छोटे-छोटे बच्चे इसके सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं । ?(व्यवधान) परसों के जागरण अखबार में एक फोटो के साथ खबर छपी है कि एक बच्चे का पूरा कान कुत्ता काटकर ले गया । ?(व्यवधान) 4 दिन पहले मजदूर के छोटे बच्चे की रेबीज़ के कारण दर्दनाक मौत हुई । ?(व्यवधान) मैं आपके लिए ही बोल रहा हूं । ?(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप बोलिए ।

? (व्यवधान)

श्री अतुल गर्ग **:** अगर पालतू कुत्ता किसी को काट ले, तो कोई जिम्मेदार होता है ।?(व्यवधान) अगर कोई प्राइवेट कुत्ता गंदगी कर दे, तो कोई जिम्मेदार होता है । ?(व्यवधान) अगर कोई आवारा कुता हो तो कोई कुता प्रेमी काटने वाले के सामने नहीं आता, उसे बचाने के लिए सामने नहीं आता, ? (व्यवधान) कोई कुत्ता प्रेमी ? (व्यवधान) आपसे मेरा निवेदन है कि पहले भी संसद के अंदर ? (व्यवधान) और सुप्रीम कोर्ट के अंदर बहुत सारे निर्णयों पर पुनर्विचार हुआ है । ? (व्यवधान) ऐसे नियम बनाए गए हैं कि यदि कुत्ते की नसबंदी करा दी जाए तो उसको वापस नहीं छोड़ना पड़ता है, ? (व्यवधान) मेरे बच्चे खेल नहीं सकते हैं ? (व्यवधान) आपके लिए ही कह रहा हूं, सुन लीजिए, ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य आप इधर देखकर बोलिए ।

श्री अतुल गर्ग **:** बच्चे खेल नहीं सकते हैं, शहर के अंदर एक आतंक का वातावरण बना हुआ है ? (व्यवधान) और दूसरी जगह भी बना हुआ होगा । आपसे मेरा निवेदन है कि इस पर दोबारा से एक कमेटी बनाकर विचार हो । एबीसी कार्य बहुत अच्छा चल रहा है तो कुत्ते काटने वालों और उससे मरने वालों की संख्या क्यों बढ़ रही है? ?(व्यवधान) इन नियमों में पशु प्रेमी और मानव की स्वतंत्रता के बीच में कहीं न कहीं कोई असंतुलन है । यह कोई भी सरकार हो या कोर्ट हो, हमेशा मानवता को प्राथमिकता मिलनी चाहिए । आपसे निवेदन है कि इस विषय में एक कमेटी बना दें ।